उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1949 दिनांक /Date.: 07/04/2021

संवाद–108

विषयः– सहायक अध्यापक(एल0टी0) भर्ती परीक्षा का परीक्षा कार्यक्रम जारी किये जाने के संबंध में :–

प्रिय अभ्यर्थियों,

अवगत कराना है कि आयोग द्वारा सहायक अध्यापक(एल0टी0), वि0सं0–28/उ0अ0से0च0आ0/2020, दिनांक 13 अक्टूबर, 2020 हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था आवेदन के समय ही लिखित परीक्षा का अनुमानित समय अप्रैल, 2021 प्रस्तावित किया गया था। इस मामले में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के अनुरूप नये आवेदकों को भी आवेदन का अवसर दिया जा चुका है।

यह भी उल्लेखनीय है कि मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एस0एल0पी0 संख्या–284–286/2020 श्री राजेश धामी व अन्य बनाम राज्य मामले में इस भर्ती परीक्षा को 03–04 माह में पूर्ण करने के आदेश दिये गये है अतः उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 25 अप्रैल, 2021 को सहायक अध्यापक(एल0टी0) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित किया जा रहा है :–

क्र. सं.	विज्ञापन संख्या व तिथि/पदनाम	परीक्षा तिथि व दिवस	समय/पाली
1-	वि0सं0–28/उ0अ0से0च0आ0/2020 दिनांक 13 अक्टूबर, 2020 पदनाम–सहायक अध्यापक(एल0टी0)	दिनांक 25 अप्रैल, 2021 (रविवार)	प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे के मध्य (प्रथम पाली) अपरान्ह 02:00 बजे से सायं 04:00 बजे के मध्य (द्वितीय पाली)

नोट :– यह भी अवगत कराना है कि उक्त लिखित परीक्षा का निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम आयोग कार्यालय के पंत्राक–1946 दिनांक 05.04.2021 द्वारा प्रकाशित किया गया था जो कि लिपिकीय त्रुटि के कारण दिनांक 05.03.2021 अंकित हो गया अतः उल्लिखित पंत्राक संख्या में दिनांक 05.03.2021 के स्थान पर दिनांक 05.04.2021 पढ़ा जाय। अन्य तथ्य व शर्ते यथावत रहेंगी।

नोट :– उक्त परीक्षा ऑफलाइन माध्यम से आयोजित की जायगी। यथाशीघ्र ही उपरोक्त लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र भी जारी किये जायेंगे। कोविड–19 संक्रमण के मानक अनुपालन की दृष्टि से कुछ विषय प्रथम पाली में व शेष द्वितीय पाली में होंगे। कोविड मानकों का पालन प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए आवश्यक है। राज्य के बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रशासन से यह अनुरोध किया जायेगा कि उनके प्रवेश पत्र को ही ई–पास माना जाय। कोविड पाजिटिव अभ्यर्थी परीक्षा में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे, किंतु थर्मल स्केनिंग के दौरान उच्च तापमान वाले अभ्यर्थी अलग कक्ष में परीक्षा दे सकेंगे।

।। लिखित परीक्षा हेतु शुभकामनाओं के साथ।।

आयोग की ओर से,

(संतोष बडोनी)
सचिव।